AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कैंपस में आएंगी कंपनियां, सीधे इंटरव्यू से मिलेगा जॉब

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में जल्द ही कई कंपनियां जॉब के लिए कैंपस में आने वाली हैं। खास बात यह है कि इसमें से कई कंपनियां सीधे इंटरव्यू से ही प्लेसमेंट करेंगी।

केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि कई कंपनियों से बात हुई है जो विद्यार्थियों को सीधे इंटरव्यू के आधार पर चयनित करेंगी। इन्हें 10 से 50 हजार रुपये तक का ऑफर मिलेगा। इनकी तैनाती भी लखनऊ में ही की जाएंगी। उन्होंने बताया कि लीजा वुडको इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड, पिरामिड कंसलटिंग, फ्ररोंसिसि पार्टनर्स, कैशपोर माइक्रो क्रेडिट आदि जल्द प्लेसमेंट के लिए आएंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

कॉलेज के शिक्षकों को मिला अप्रूवल

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने सहयुक्त 10 कॉलेजों के लगभग 50 शिक्षकों की तैनाती का अप्रूवल दे दिया है। कॉलेजों की ओर से अपने यहां चलने वाले सेल्फ फाइनेंस कोर्सों के लिए शिक्षकों का अनुमोदन मांगा था। इसमें विवि की ओर से नामित विशेषज्ञों ने प्रक्रिया के बाद अप्रूवल के लिए भेजा गया था। इसमें से आधा दर्जन कॉलेजों में बीए, बीकॉम व बीबीए में नए शिक्षकों का अप्रूवल कर दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 4

सिर्फ इंटरव्यू से मिलेगी 50 शिक्षकों की नियुक्तियों को अनुमोदन

सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के माध्यम से दो कंपनियां देंगी आफर

LUCKNOW (28 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स को लिखित परीक्षा की जगह सीधे इंटरव्यू से नौकरी मिलेगी. विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के जरिए दो कंपनियां जाब आफर देने आ रही हैं. चयनित विद्यार्थियों को एक कंपनी तीन लाख रुपये सालाना तो दूसरी कंपनी 10 से 50 हजार रुपये महीना देगी. खास बात यह है कि यह नौकरी लखनऊ में ही मिलेगी. इसी सप्ताह दोनों कंपनी इंटरव्यू के लिए विश्वविद्यालय आएंगी. नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय में कंपनियों का प्लेसमेंट के लिए आना तेज हो गया है. दो महीने में 230 से ज्यादा स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हो चुका है. इसी क्रम में दो और कंपनियां इसी सप्ताह आएंगी. केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि एप्को इंफ्राटेक कंपनी एमए सोशल वर्क और मास्टर आफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एमएचआरएम) के 150 छात्रों को नौकरी देगी। इसमें सालाना पैकेज तीन लाख रुपये होगा. चयन इंटरव्यू के जरिए किया जाएगा.

50 हजार तक महीना मिलेगा

निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि लीजा वुडको इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड 30 से 40 पदों पर नौकरी के चयन के लिए आएगी. इसमें स्नातक फाइन आर्ट्स के छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट का मौका मिलेगा. चयन के बाद स्टूडेंट्स को 10 से 50 हजार रुपये तक प्रति माह कंपनी देगी. इसमें भी इसी सप्ताह सीधे इंटरव्यू लिया जाएगा, जिसमें स्किल पेंटिंग पर जो रहेगा. सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दे दी गई है.

डिग्री कालेजों में सेल्फ फाइनेंस के शिक्षकों का मामला

LUCKNOW (28 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने सेल्फ फाइनेंस योजना के अंतर्गत डिग्री कालेजों में बीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर हुई नियुक्तियों को अंतिम अनुमोदन दे दिया है. इनमें लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिले को मिलाकर 10 से ज्यादा कालेजों में 50 से ज्यादा नए शिक्षक नियुक्त हुए हैं. कुलसचिव संजय मेधावी की ओर से कालेजवार अनुमोदन दिए गए शिक्षकों के नाम की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की है.

दिया गया अंतिम अनुमोदन

कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि कालेजों में संचालित सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में जो भी असिस्टेंट प्रोफेसर के नाम चयनित होकर आए थे, उनका विवरण आदि जांच कर अंतिम अनुमोदन दे दिया गया है.

- स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कालेज स्नेह नगर में बीए के लिए सात
- इंटीग्राल एंड इनोवेटिव सस्टेनेबल एजुकेशन कालेज कल्याणपुर में बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी, बीकाम में 10
- यूनिटी डिग्री कालेज बसंत कुंज में बीए में एक
- बोरा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट कालेज सीतापुर रोड में एक प्राचार्य
- मां वैष्णों देवी डिग्री कालेज मलिहाबाद में बीए, बीकाम में सात
- हीरा लाल यादव मेमोरियल ट्रस्ट आफ एजुकेशन सरोजनी नगर में बीएससी कृषि एग्रोनामी एवं हर्टीकल्चर पाठ्यक्रम में चार
- गुरुनानक देव एजुकेशनल इंस्टीट्यूट लखीमपुर खीरी में बीएससी, बीए में सात
- हीरा लाल ला कालेज सरोजनी नगर में विधि तीन वर्षीय कोर्स के लिए सात
- स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज सुल्तानपुर रोड में बीसीए के लिए तीन
- श्री कृष्णा कालेज सीतापुर में एमए (वाणिज्य) कोर्स में चार असिस्टेंट प्रोफेसर

डीआरसी संस्तुति नहीं जाएगी कुलसचिव ऑफिस

कुलसचिव ने पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट की है

LUCKNOW (28 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों को शोधार्थियों से जुड़े मामले डिपार्टमेंटल रिसर्च कमेटी (डीआरसी) के निर्णय के बाद कुलसचिव कार्यालय के पास नहीं भेजने होंगे. इस पर उन्हें स्वयं ही पीएचडी अध्यादेश के अनुसार निर्णय लेना होगा. कुलसचिव संजय मेधावी ने सभी संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर फिर से स्थिति स्पष्ट की है.

लगातार आ रहे हैं पत्र

कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष शोधार्थियों से संबंधित विभागीय शोध समिति के कार्यवृत्त मेरे कार्यालय में भेज रहे हैं. साथ ही इसके पत्र भी निरंतर आ रहे हैं, जबकि पहले ही बता दिया गया है कि रिसर्च सुपरवाइजर का अनुमोदन, शोध के शीर्षक तय करने, बदलने से लेकर शोध की प्रगति की समीक्षा आदि के प्रस्ताव पर विभागीय शोध समिति संस्तुति के बाद विभागाध्यक्ष पीएचडी अध्यादेश के अनुसार अपने स्तर से कार्यवाही करें.

AMRIT VICHAR PAGE 6

विप्रो, रीनॉल्ट और निसान जैसी कंपनियां लखनऊ विवि के छात्रों को देंगी रोजगार

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अब नेशनल व इंटरनेशनल कंपनियों में सीधे इंटरव्यू के जरिए नौकरी मिलेगी। विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के जरिए कई कंपनियों ने लविवि के छात्र व छात्राओं को जॉब का ऑफर दिया है। चयनित विद्यार्थियों को एक कंपनी तीन लाख रुपये सालाना तो एक कंपनी 10 से 50 हजार रुपये महीना देगी। यह दोनों कंपनियां इसी सप्ताह इंटरव्यू के लिए विश्वविद्यालय आ रही हैं।

लविवि की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि जल्द ही परिसर में कई बड़ी कंपनियां आने वाली हैं। इनमें विप्रो, रीनॉल्ट, निसान, पिरामिड कंसल्टिंग, फ्ररोंसिस पार्टनर्स, कैशपोर माइक्रो क्रेडिट नेशनल व इंटरनेशनल जॉब ऑफर करेंगी। उनका कहना है कि इन कंपनियों में जल्द प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को बढ़िया पैकेज मिलेगा।

अवसर

- कई कंपनियों ने लविवि के छात्रों को दिया जॉब का ऑफर
- विद्यार्थियों को 50 हजार से लेकर 3 लाख रुपये तक का पैकेज दे रहीं कंपनियां

उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह लीजा वुडको इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड 30 से 40 पदों पर नौकरी के चयन के लिए आएगी। इसमें स्नातक फाइन आर्ट्स के छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट का मौका मिलेगा। चयन के बाद छात्र-छात्रा को 10 से 50 हजार रुपये तक प्रति माह कंपनी देगी। इसी सप्ताह सीधे इंटरव्यू लिया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

उधर, दूसरी ओर एप्को इंफ्राटेक कंपनी, एमए सोशल वर्क और मास्टर ऑफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एमएचआरएम) के 150 छात्रों को नौकरी देगी। इसमें सालाना पैकेज तीन लाख रुपये होगा। छात्रों का चयन इंटरव्यू के जरिए किया जाएगा। इसकी जानकारी भी छात्रों को दी जा चुकी है।

दो महीने में 230 से ज्यादा छात्र और छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय के प्रयास से नेक का 'ए प्लस प्लस' ग्रेड मिलने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय में कंपनियों का प्लेसमेंट के लिए आना तेज हो गया है। दो महीने में 230 से ज्यादा छात्र और छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है। इसी क्रम में दो और कंपनियां इसी सप्ताह आ रहीं हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : सिर्फ साक्षात्कार से मिलेगी नौकरी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को लिखित परीक्षा की जगह सीधे इंटरव्यू के जरिए नौकरी मिलेगी। विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के जरिए दो कंपनियां जाब आफर देने आ रही हैं। चयनित विद्यार्थियों को एक कंपनी तीन लाख रुपये सालाना तो दूसरी कंपनी 10 से 50 हजार रुपये महीना देगी। खास बात यह है कि यह नौकरी लखनऊ में ही मिलेगी। इसी सप्ताह दोनों कंपनी इंटरव्यू के लिए विश्वविद्यालय आएंगी।

नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय में कंपनियों का प्लेसमेंट के लिए आना तेज हो गया है। दो महीने में 230 से ज्यादा छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है। इसी क्रम में दो और कंपनियां इसी सप्ताह आएंगी। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि एप्को इंफ्राटेक कंपनी एमए सोशल वर्क और मास्टर आफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एमएचआरएम) के 150 छात्रों को नौकरी देगी। इसमें सालाना पैकेज तीन लाख रुपये होगा। चयन इंटरव्यू के जरिए किया जाएगा।

इस कंपनी में 50 हजार रुपये तक महीना मिलेगा : निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि लीजा वुडको इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड 30 से 40 पदों पर नौकरी के चयन के लिए आएगी। इसमें स्नातक फाइन आर्ट्स के छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट का मौका मिलेगा।

चयन के बाद छात्र-छात्रा को 10 से 50 हजार रुपये तक प्रति माह कंपनी देगी। इसमें भी इसी सप्ताह सीधे इंटरव्यू लिया जाएगा, जिसमें स्किल पेंटिंग पर जो रहेगा। सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

पीएचडी अंग्रेजी कोर्स वर्क पांच दिसंबर से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में पांच दिसंबर से पीएचडी कोर्स वर्क की शुरुआत होगी। विभाग की हेड प्रो. एम प्रियदर्शनी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया। छात्र-छात्राओं को समय सारिणी के अनुसार अपना आवेदन पत्र, फीस रसीद, एलीजीबिलटी फार्म, हाईस्कूल से स्नातक तक मार्कशीट, सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि लेकर सुबह 10 बजे विभाग मे पहुंचना होगा।

छात्रवृत्ति फार्म प्रति जमा करने की अंतिम तिथि आज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों के पास दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2022-23 के पात्र छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों के प्रिंट आउट की प्रमाणित एवं हस्ताक्षरित प्रति जमा करने का मंगलवार को आखिरी मौका है। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि 29 नवंबर के बाद विश्वविद्यालय स्तर से मास्टर डाटा अग्रसारित करना संभव नहीं होगा, जिसके लिए कालेज स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कुलसचिव कार्यालय नहीं भेजी जाएंगी डीआरसी की संस्तुति

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों को शोधार्थियों से जुड़े मामले डिपार्टमेंटल रिसर्च कमेटी (डीआरसी) के निर्णय के बाद कुलसचिव कार्यालय के पास नहीं भेजने होंगे। इस पर उन्हें स्वयं ही पीएचडी अध्यादेश के अनुसार निर्णय लेना होगा। कुलसचिव संजय मेधावी ने सभी संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर फिर से स्थिति स्पष्ट की है। कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्षों शोधार्थियों से संबंधित विभागीय शोध समिति के कार्यवृत्त मेरे कार्यालय में भेज रहे हैं। साथ ही इसके पत्र भी निरंतर आ रहे हैं, जबकि पहले ही बता दिया गया है कि रिसर्च सुपरवाइजर का अनुमोदन, शोध के शीर्षक तय करने, बदलने से लेकर शोध की प्रगति की समीक्षा आदि के प्रस्ताव पर विभागीय शोध समिति संस्तुति के बाद विभागाध्यक्ष पीएचडी अध्यादेश के अनुसार अपने स्तर से कार्यवाही करें।

सेल्फ फाइनेंस के 50 शिक्षकों की नियुक्तियों को मिला अनुमोदन

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने सेल्फ फाइनेंस योजना के अंतर्गत डिग्री कालेजों में बीए सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर हुई नियुक्तियों को अंतिम अनुमोदन दे दिया है। इनमें लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिले को मिलाकर 10 से ज्यादा कालेजों में 50 से ज्यादा नए शिक्षक नियुक्त हुए हैं। कुलसचिव संजय मेधावी की ओर से कालेजवार अनुमोदन दिए गए शिक्षकों के नाम की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की है।

कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि कालेजों में संचालित सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में जो भी असिस्टेंट प्रोफेसर के नाम चयनित होकर आए थे, उनका विवरण आदि जांच कर अंतिम अनुमोदन दे दिया गया है। इनमें स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कालेज स्नेह नगर में बीए के लिए सात, इंटीग्रल एंड इनोवेटिव सस्टेनेबल एजुकेशन कालेज कल्याणपुर में बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी, बीकाम में 10, यूनिटी डिग्री कालेज बसंत कुंज में बीए में एक, बोरा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट कालेज सीतापुर रोड में एक प्राचार्य, मां वैष्णों देवी डिग्री कालेज मलिहाबाद में बीए, बीकाम में सात, हीरा लाल यादव मेमोरियल ट्रस्ट आफ एजुकेशन सरोजनी नगर में बीएससी कृषि एग्रोनामी एवं हर्टीकल्चर पाठ्यक्रम में चार, गुरुनानक देव एजुकेशनल इंस्टीट्यूट लखीमपुर खीरी में बीएससी, बीए में सात, हीरा लाल ला कालेज सरोजनी नगर में विधि तीन वर्षीय कोर्स के लिए सात, स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज सुल्तानपुर रोड में बीसीए के लिए तीन, श्री कृष्णा कालेज सीतापुर में एमए (वाणिज्य) कोर्स में चार असिस्टेंट प्रोफेसर के नाम शामिल हैं।

लखनऊ, लखीमपुर, सीतापुर के 10 से ज्यादा कालेजों का मामला, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने जारी किया पत्र

पत्र लेखन में छात्र को मिला द्वितीय स्थान

लखनऊ विश्वविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र अर्पित कटियार को पत्र लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान मिला है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि यह प्रतियोगिता दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कालेज की ओर से 13 सितंबर को हिन्दी महोत्सव-2022 में आयोजित की गई थी। 27 नवंबर के इसका परिणाम जारी हुआ है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू को 102 साल बाद मिली महिला क्रिकेट टीम

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। साल 2022 लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। इस साल जहां लखनऊ विश्वविद्यालय को नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल नैक ने विश्वविद्यालय को नैक प्लस-प्लस ग्रेडिंग से नवाजा, तो वहीं दूसरी तरफ लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपना 102वां साल भी पूरा किया। इसी क्रम में एलयू को एक और बहुत बड़ी कामयाबी मिली है, जो महिला क्रिकेट टीम से जुड़ी हुई है। ज्ञातव्य है कि एलयू को 102 साल बाद महिला क्रिकेट टीम मिल चुकी है। जब से एलयू का गठन हुआ था तब से लेकर 2021 तक लगातार महिला क्रिकेट टीम बनाने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन हर बार विश्वविद्यालय को असफलता ही हाथ लगी। इतने सालों के इंतजार के बाद आखिरकार वह दिन आ ही गया, जब एलयू को महिला क्रिकेट टीम मिल गई। यह टीम करीब 16 सदस्यों की है। महिला क्रिकेट टीम की खास बात यह है कि इस टीम की सभी छात्राएं बेहद साधारण से घर से ताल्लुक रखती हैं। इस टीम की अगुवाई करने की जिम्मेदारी स्नेहा को दी गई है। इससे भी खास बात यह है कि एलयू की यह महिला क्रिकेट टीम शिमला में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा भी ले चुकी है। इस संबंध में एलयू की डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि एलयू के इतिहास में एक और बड़ी कामयाबी शामिल हो गई है। उन्होंने बताया कि टीम खोजने के लिए विश्वविद्यालय ने इससे जुड़े कॉलेजों में संपर्क किया था। इस दौरान क्रिकेट टीम में शामिल होने के लिए कई रजिस्ट्रेशन भी हुए थे। इतने अधिक सालों के अथक प्रयासों के बाद तमाम ट्रायल और स्क्रीनिंग के बाद 16 सदस्यों की टीम एलयू को आखिरकार मिल ही गई। उन्होंने यह भी बताया कि एलयू में इस साल सबसे ज्यादा छात्राओं ने ही दाखिले लिए हैं। वही एलयू भी छात्राओं की तरक्की के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

योग व प्राकृतिक चिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी कल

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय न्यू कैंपस जानकीपुरम में योग व प्राकृतिक चिकित्सा का पाचन तंत्र पर प्रभाव विषय पर 30 नवंबर से एक दिसंबर तक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन गया है। बुधवार से शुरू हो रही इस दो दिवसीय 'योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का पाचन तंत्र पर प्रभाव' शीर्षक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, सिक्किम आदि प्रदेशों से योग विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी के दौरान पाचन तंत्र पर योग के पड़ने वाले प्रभाव पर मंथन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान को आमंत्रित किया गया है।

102 साल बाद मिली महिला क्रिकेट टीम

अमृत विचार संवाददाता

खेल

- लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ साल 2022

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए 2022 ऐतिहासिक साबित हुआ है। इस साल लखनऊ विश्वविद्यालय को नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल नैक ने ए++ ग्रेडिंग मिली है। वहीं लविवि 102 साल का भी हो गया। साथ ही इसी साल लखनऊ विश्वविद्यालय को एक और बहुत बड़ी कामयाबी मिली है, जिसमें विवि में कई साल के प्रयास के बाद इस साल महिला क्रिकेट टीम का भी गठन हो गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय को 102 साल बाद महिला क्रिकेट टीम मिल चुकी है। बताते हैं कि 1920 में जब से लखनऊ विश्वविद्यालय का गठन हुआ था। तब से लेकर 2021 तक लगातार महिला क्रिकेट टीम बनाने के लिए कई प्रयास किए गए लेकिन हर बार विश्वविद्यालय को असफलता ही हाथ लगती थी। लेकिन साल 2022 में आखिरकार वह दिन आया जब लखनऊ विश्वविद्यालय को महिला क्रिकेट टीम मिल गई। यह टीम करीब 16 सदस्यों की हैं। सभी छात्राएं बेहद साधारण से घर से ताल्लुक रखती हैं। इस महिला क्रिकेट टीम की अगुवाई करने की जिम्मेदारी स्नेहा को दी गई है। सबसे खास बात यह है कि लखनऊ विश्वविद्यालय की यह महिला क्रिकेट टीम शिमला में हुए क्रिकेट टूर्नामेंट से अपना डेब्यू भी कर चुकी है

ऐसे मिली कामयाबी

लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बड़ी कामयाबी जुड़ चुकी है। क्रिकेट टीम खोजने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने इससे जुड़े कॉलेजों में संपर्क किया था। क्रिकेट टीम के लिए इस दौरान कई रजिस्ट्रेशन भी हुए थे। इसके बाद तमाम ट्रायल और स्क्रीनिंग के बाद 16 सदस्यों की टीम लखनऊ विश्वविद्यालय को मिल गई है।